दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 23 जनवरी 2022 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 116

## पठानकोट विस्फोट के तार जुड़े उत्तराखण्ड से, चार गिरफ्तार



**रुद्रपुर (आरएनएस)।** पंजाब के पठानकोट में आतंकी साजिशकर्ता को शरण देने वाले ऊधम सिंहनगर के बाजपुर और केलाखेड़ा तथा रामपुर के चार आरोपितों को एसटीएफ और यूएसनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान उनके पास से एक तमंचा और आतंकी सुखप्रीत उर्फ सुख को लाने और ले जाने के लिए प्रयुक्त कार को बरामद किया है। बाद में एसटीएफ ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए चारों आरोपित कनाडा ऑस्ट्रेलिया, सरबिया से इंटरनेट/व्हाट्सअप कॉल से जुड़े थे और उन्हें इन्ही कॉल के माध्यम से विदेशों से संचालित किया जा रहा था। शनिवार को डीआइजी/एसएसपी यूएसनगर बरिंदरजीत सिंह, डीआइजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, डीआइजी एसटीएफसैंथिल अबुदई और एसएसपी सएटीएफ अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि पंजाब प्रांत के नवांशहर, पठानकोट व लुधियाना में नवंबर 2021 में आतंकी विस्फोट हुए थे। जिसमें पंजाब पुलिस ने पूर्व में छह आतंकियों की गिरफ्तारी की गयी थी, जबकि एक आरोपित सुखप्रीत उर्फ सुख के उत्तराखंड में शरण लिए जाने की गोपनीय सूचना उत्तराखंड एसटीएफ को मिली थी। जिस पर उत्तराखंड एसटीएफ की विभिन्न टीमों करीब तीन दिनों से सीसीटीवी फुटेज के साथ ही उनके संबंध में गोपनीय रूप से जानकारी जुटा रही थी।

इस दौरान पता चला कि आतंकी को शिव मंदिर, ग्राम रामनगर, थाना केलाखेड़ा और हाल ग्राम कालेके, थाना खलचियां, जिला अमृतसर देहात, पंजाब निवासी शमशेर सिंह उर्फ शेरा उर्फ साबी पुत्र गुरनाम सिंह और केलाखेड़ा के ग्राम रामनगर निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरनाम सिंह, ग्राम गोलू टांडा, आर्सल पार्सल थाना स्वार, रामपुर निवासी गुरपाल सिंह उर्फ गुरी ढिल्लो पुत्र गुरदीप सिंह तथा ग्राम बैतखेड़ी, थाना बाजपुर निवासी अजमेर सिंह मंड उर्फ लाडी पुत्र गुरवेल सिंह ने शरण दी थी। जिस पर पुलिस और एसटीएफने सीओ एसटीएफ पूर्णिमा गर्ग और एसटीएफ निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में चारों को गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान शमशेर उर्फ शेरा के कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर बरामद की गई, साथ ही इस्तेमाल की जा रही कार फोर्ड फिगो को भी बरामद किया गया है। डीआइजी/एसएसपी यूएसनगर बरिंदरजीत सिंह, डीआइजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, डीआइजी एसटीएफसैंथिल अबुदई और एसएसपी सएटीएफ अजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में चारों ने बताया कि पंजाब में आतंकी बम ब्लास्ट के आरोपी सुखप्रीत उर्फ सुख को अपने घर में शरण देकर और बरामद कार का प्रयोग वह उसे लाने ले जाने के लिए कर रहे थे। बताया कि कनाडा ऑस्ट्रेलिया, सरबिया से इंटरनेट/व्हाट्सअप कॉल से जुड़े थे और उन्हें इन्ही कॉल के माध्यम से विदेशों से संचालित किया जा रहा था। बाद में एसटीएफ ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## केन्द्र ने राज्यों को 160.58 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये गए




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके।

देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निश्शुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निश्शुल्क प्रदान करेगी।

केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की 160.58 करोड़ से अधिक खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं। अभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास कोविड-19 टीके की 12.79 करोड़ से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें उपलब्ध है, जिन्हें लगाया जाना है।

## राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 161.16 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पिछले 24 घंटों में 67 लाख से अधिक वैक्सीन की खुराक देने के साथ ही भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 161.16 करोड़ से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 1,73,78,364 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। पिछले 24 घंटों में 2,42,676 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 3,63,01,482 हो गई है। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 93.31 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 3,37,704 नए मरीज सामने आए हैं। वर्तमान में 21,13,365 सक्रिय रोगी हैं। वर्तमान में ये सक्रिय मामले देश के कुल पुष्टि वाले मरीजों का 5.43 प्रतिशत हैं। देश भर में जांच क्षमता का विस्तार लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 19,60,954 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 71.34 करोड़ जांच की गई हैं। देश भर में जांच क्षमता को बढ़ाया गया है, साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 16.65 प्रतिशत है, दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 17.22 प्रतिशत है। देश भर में जांच क्षमता का विस्तार लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 19,60,954 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 71.34 करोड़ जांच की गई हैं। देश भर में जांच क्षमता को बढ़ाया गया है, साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 16.65 प्रतिशत है, दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 17.22 प्रतिशत है।

## मुंबई में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 7 लोगों की मौत, 16 घायल

**मुंबई (आरएनएस)।** मध्य मुंबई के ताड़देव इलाके में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत की 18वीं मंजिल पर शनिवार सुबह भीषण आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि गोवालिया टैंक में गांधी अस्पताल के सामने स्थित इमारत 'कमला में सुबह करीब सात बजे आग लगी, उस समय इसमें रहने वाले कई लोग सो रहे थे। उन्होंने कहा, यह 20 मंजिला इमारत है। आग इसकी 18वीं मंजिल पर लगी। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना में कई लोग घायल हो गए और उन्हें पास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया।

अधिकारी ने बताया गया कि नायर अस्पताल ले जाए गए सात में से पांच घायलों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोगों की मौत दो अलग-अलग अस्पतालों- भाटिया अस्पताल और कस्तूरबा अस्पताल में हुई। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल भाटिया अस्पताल में 13, नायर अस्पताल में दो और कस्तूरबा अस्पताल में एक व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर आग बुझाने के लिए दमकल की 13 गाड़ियां और पानी के सात टैंकर घटनास्थल पर पहुंचे। इस आग को तीसरे स्तर की (भीषण) आग बताया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल दमकल कर्मियों ने आग पर चारों तरफ से काबू पा लिया है।



एक अन्य अधिकारी ने कहा, 18वीं मंजिल पर आग लगने के तुरंत बाद, निवासी अपने परिवार के सदस्यों के साथ बाहर की ओर भागने लगे। प्रत्येक मंजिल पर कम से कम छह फ्लैट हैं। आग ने 18वीं और 19वीं मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ निवासी वहां फंस गए। उन्होंने कहा कि कुछ निवासियों के अनुसार, आग लगने के बाद इमारत में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई। आग लगने के समय इमारत के कई निवासी सो रहे थे।

## चार विधायक, तीन सांसद और 14 जिलाधिकारी नहीं बनवा पाए पार्किंग

**नैनीताल (आरएनएस)।** राज्य में पर्यटन का प्रमुख केंद्र नैनीताल बीते 21 सालों से पार्किंग की मांग रहा है। पर्यटक सीजन में यहां लगने वाला जाम और परेशानियां राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बनती हैं। हैरानी की बात यह है कि राज्य गठन के बाद बने चार विधायक, तीन सांसद और जिले के 14 डीएम भी आज तक नैनीताल में किसी भी बड़ी पार्किंग योजना को पूरा नहीं करवा पाए हैं। इससे स्थानीय पर्यटन कारोबारी भी काफी निराश हैं। वर्तमान में नगर में एकमात्र मल्टीस्टोरी पार्किंग केएमवीएन के पास है।

इसके अलावा शहर में दूसरी कोई पार्किंग योजना बीते 21 सालों में तैयार नहीं हो पाई है। बीते पांच सालों में नारायण नगर में 2.20 करोड़ की पार्किंग योजना को स्वीकृति मिली, पर वन विभाग का अड़ंगा न निकलने के कारण इस योजना का आकार छोटा करना पड़ा। इस कारण यह योजना भी अभी शुरू नहीं हो पाई है। शासन व अफसर भी पर्यटन पर आधारित शहर की अर्थव्यवस्था के लिए पार्किंग स्थलों की जरूरत को समझते हैं, पर योजनाओं का निर्माण करने व इसे आगे बढ़ाने पर लगभग हर कोई नाकाम ही साबित हुआ है।

**पांच साल में सात घोषणाएं, चार अधर में-** बीते पांच सालों में नैनीताल में पर्यटन से जुड़ी आठ योजनाएं पर्यटन विभाग ने आगे बढ़ाईं। इसमें नारायण नगर में 2.20 करोड़ की पार्किंग, 70 लाख का गांधी स्टडी सेंटर, 95 लाख की न्यू डेस्टिनेशन योजना से मुक्तेश्वर को विकसित करने की योजना थी। पर इन योजनाओं को अब भी धरातल पर उतरने का इंतजार है। इसके अलावा 56 करोड़ की कैंची धाम विकास योजना, 2. 30 करोड़ से हेलीपैड निर्माण, 1.51 करोड़ से भीमताल में हेलीपैड निर्माण, 2.30 करोड़ से प्लाजा निर्माण की योजना फिलहाल पाइपलाइन में है।

**पर्यटन जिले में अर्थ व्यवस्था की रीढ़-** जिले में पर्यटन व खनन ही अर्थ व्यवस्था की मुख्य रीढ़ है। रामनगर में कॉर्बेट पार्क व पहाड़ में नैनीताल होने के कारण यह क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पूरे साल यहां के होटल बुक रहते हैं। दिल्ली एनसीआर से नजदीक होने का लाभ भी यहां मिल रहा है। नैनीताल के कारण ही अब आसपास के पर्यटक स्थल भी अपनी जगह बना रहे हैं।

**पर्यटकों को शहर से बाहर रोकने की परिपाटी शुरू हुई-** नैनीताल में पर्यटकों को शहर से बाहर रोकने की परिपाटी शुरू हो गई है। दरअसल कई बार पर्यटकों का इतना अधिक दबाव हो जाता है कि शहर में पैर रखने तक की जगह नहीं बचती है। ऐसे में प्रशासन पर्यटकों के साथ ही उनके वाहनों को भी शहर में नहीं आने देता है। इस साल तो बाइक व स्कूटर से नैनीताल आने वाले सैलानियों को भी शहर में नहीं आने दिया गया।

नैनीताल में पर्यटक वाहनों की पार्किंग वाकई में एक बड़ी समस्या है। यहां मल्टीस्टोरी पार्किंग न होने से वीकेंड पर जाम लगता है। पर्यटकों को शहर से बाहर रोकने से कारोबार पर असर पड़ता है। इस दिशा में काम करने के लिए योजनाएं तेजी से धरातल पर उतारी जानी चाहिए।

## दिल्ली में अब तक सबसे ज्यादा 1 दिन में 45 कोरोना मरीजो की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में करुणा के मामले कम होने के साथ-साथ आज रिकॉर्ड 1 दिन में 45 कोरोना मरीजों की मौत हुई है। 1 दिन में 45 मरीजों की मौत से दिल्ली स्वास्थ्य विभाग काफी चिंतित है क्योंकि तीसरी लहर में तो सबसे ज्यादा 45 मौत हुई है लेकिन तीनों लहर को मिला लिया जाए तो दिल्ली मे तीनों लोहार मिलाकर देखा जाए तो 1 दिन में सबसे ज्यादा 45 मौत आज ही हुई है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में 11486 करो ना मन में दर्ज किए गए हैं। जबकि पॉजिटिव रेट 16. 36 प्रतिशत है जबकि बीते 24 घंटों में दिल्ली में नए मामले भी कम हुए हैं और पॉजिटिव रेट भी नीचे आया है। हालांकि पिछले 24 घंटों 45 मरीजों की मौत हुई है ।दिल्ली में मरीजों की मरने की 10 जून के बाद 1 दिन में सबसे ज्यादा मौत की रिपोर्ट दर्ज हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 59629 लोगों की जांच हुई जिसमें 10756 लोग पॉजिटिव पाए गए जबकि रिकवर होने वालों मरीजों की संख्या वन 8815 है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिल्ली में मरीजों की संख्या घटती जा रही है लेकिन वर्तमान में 38 मरीजों की मौत होने से दिल्ली स्वास्थ्य विभाग खासा परेशान दिखा। दिल्ली में वर्तमान कोरोना से सक्रिय मरीजों की संख्या 68730 हुई है।

## नक्सलियों के ख़ौफ़ से बंद हुई सड़क निर्माण कार्य पुनः हुई शुरू

» एसपी सोनपुर से डोण्डरीबेडा रोड़ निर्माण कार्य का किया आकस्मिक निरीक्षण



**नारायणपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बीच में रोड़ा बन रहे नक्सलियों को बैकफुट में खदेड़ने के लिए नारायणपुर पुलिस पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। पुलिस कप्तान की दखल के बाद कई सालों से बंद पड़ी सड़क निर्माण कार्य को फिर से चालू किया गया है। महाराष्ट्र के मरोड़ा को नारायणपुर से जोड़ने के लिए नक्सलगढ़ में संगीनों के साए में सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। एसपी गिरिजा शंकर जायसवाल के द्वारा अंदरूनी इलाको में दौरा कर ग्रामीणों के साथ जवानों का मनोबल बढ़ाया जा रहा है। नक्सलगढ़ में बाइक में सवार होकर एसपी निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुँच रहे है। कई सालों के बाद नारायणपुर पुलिस में यह जोश देखने को मिल रहा है।

**पहली बार एसपी पहुँचे गांव-** गिरिजा शंकर जायसवाल, आईपीएस ने थाना सोनपुर अंतर्गत सोनपुर से डोण्डरीबेडा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराते हुए लाभान्वित गाँव डोण्डरीबेडा, डोण्डरपुर, मसपुर और गारपा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान श्री जायसवाल ने सोनपुर के अंदरूनी गाँव डोण्डरीबेडा, डोण्डरपुर, मसपुर और गारपा के ग्रामीणों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जाना तथा पुलिस-प्रशासन के कार्यो से अवगत कराते हुए ग्रामीणों को उनके मानव अधिकारों से अवगत कराया।

**दूरियां होगी कम,राशन के लिए नहीं होगा दिक्कतें-** यहाँ यह उल्लेखनीय है कि सड़क एवं परिवहन के साधन न होने के कारण यहाँ के लोगों को पास के मुख्य बाजार सोनपुर जाने-आने में भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, छोटी दूरी तय करने के लिये भी नदी-नाले, झील-झरने और पहाड़-पर्वत से होकर सोनपुर तक की पैदल सफर करने पर विवश हैं इसी कारण यहां के लोग शिक्षा और उपचार से भी वंचित हैं। ग्रामीणों की इन समस्याओं दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री जायसवाल ने जिला नारायणपुर को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली सड़क, सोनपुर-से-डोण्डरीबेडा तक के रूके हुए निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराया गया। इस सड़क के निर्माण हो जाने से सोनपुर क्षेत्रांतर्गत सैकड़ो गाँव के हजारों लोग लाभान्वित होंगे, अब यहाँ के बच्चे अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे तथा बिमारी होने पर इलाज के अभाव में लोगों की जानें नही जाएगी। जिन ग्रामीणों को वनोपज विक्रय हेतु सोनपुर जाने-आने में असुविधा होती थी वे अब न सिर्फ सोनपुर और नारायणपुर वरन् महाराष्ट्र में भी व्यापारिक संबंध स्थापित कर सकेंगे। जायसवाल की सोनपुर क्षेत्रांतर्गत गाँवों में प्रवास के दौरान उनके साथ श्री अनुज कुमार (उप पुलिस अधीक्षक), लोकेश बंसल (एसडीओपी, नारायणपुर) एवं मालिक राम केंवट, (निरीक्षक) उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर में 4.0-तीव्रता के भूकंप के झटके

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप सुबह 2.53 बजे आया, और निर्देशांक 36.06 डिग्री उत्तर अक्षांश और 75.82 डिग्री पूर्व देशांतर थे। अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र डोडा क्षेत्र में पृथ्वी की पपड़ी के 10 किमी अंदर स्थित था। कश्मीर भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। यहां पहले आए भूकंपों ने कहर बरपा रखा है। 8 अक्टूबर 2005 को आए भूकंप में नियंत्रण रेखा के दो किनारों पर 80,000 से अधिक लोग मारे गए थे, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.6 मापी गई थी।

### प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**बिलाईगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के कोटा इलाके के बड़ा भवानी नगर के सामने रेल पटरी में नाबालिग प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दी है। नाबालिग प्रेमी और प्रेमिका रायपुर के कोटा इलाके के ही रहने वाले हैं। इनके बीच पिछले 3-4 सालों से जान पहचान और प्रेम संबंध था। अब नाबालिग प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। नाबालिग प्रेमिका की उम्र 16 तो वहीं प्रेमी की उम्र 17 साल बताई जा रही है। शव का मर्ग कायम कर कबीर नगर थाना पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने शव का मर्ग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कबीर नगर थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि बड़े भवानी नगर के रेलवे ट्रैक पर नाबालिगों ने खुदकर जान दी है। शवों का मर्ग कायम कर परिजनों को सूचना दी गई है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और अन्य स्थानों पर ताजा बर्फबारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** कश्मीर के गुलमर्ग तथा अन्य स्थानों में बीती रात हल्की बर्फबारी हुई है और घाटी की अधिकतर जगहों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से ऊपर रहा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में करीब पांच इंच तक ताजा बर्फबारी हुई जबकि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम पर्यटन स्थल पर दो इंच तक बर्फबारी हुई है। उन्होंने कहा कि घाटी के ऊपरी इलाकों में अन्य स्थानों पर भी बर्फबारी होने की जानकारी मिली है। इस बीच, बीती रात घाटी के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से ऊपर रहा। अधिकांश स्थानों पर पारा सामान्य से कई डिग्री अधिक रहा है। जम्मू-कश्मीर की गर्मी की राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस रहा। एक रात पहले श्रीनगर में तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं पहलगाम का न्यूनतम तापमान शून्य से 2.4 सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

### चुनाव आयोग ने फिर रैली रोड शो पर लगाया ब्रेक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में पांच राज्यों मैं चुनाव होने हैं और कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए चुनाव के लिए इन पांच राज्यों में चुनाव कराना आसान नहीं होगा। चुनावी राज्यों में भी करोना का कहर जारी है ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जा सकती कहा जा रहा है कि अगर स्थिति सुधरेगी तो आने वाले दिनों में छूट का दायरा और ज्यादा बढ़ाया जा सकता है। लेकिन अभी के लिए सभी पार्टियों को चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक ही चुनाव प्रचार करना होगा।चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रैली और रोड शो पर ब्रेक लगा दिया है पूर्व विधायक चुनाव आयोग ने पुणे के बढ़ते मामलों को देखते हुए 31 जनवरी तक नहीं लिया और रोड शो पर पाबंदी लगाई है। चुनाव आयोग ने वही डोर टू डोर कैंपेन के लिए 10 लोगों की इजाजत दे दी है जो कि पहले डोर टू डोर कैंपेन 5 लोग ही कर सकते थे। इन पाबंदियों के बीच इस बार दोनों को कुछ छूट भी दी गई है जो घर-घर जाकर प्रचार कर रहे टीम में कार्यकर्ताओं की संख्या दोगुनी करने पर मुहर लगा दी गई है।